ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये
आचार्य मनिष र. जोशी
सचिव
**Prof. Manish R. Joshi**
Secretary

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**विश्वविद्यालय अनुदान आयोग**
**University Grants Commission**
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Education, Govt. of India)

**D.O.No.2-5/2024(CPP-II)** **16th February, 2024/ 27 माघ 1945**

**Subject: Publicizing New Criminal Laws, 2023**

Respected Madam/Sir,

As you are aware, the Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS) replaces the Indian Penal Code; the Bharatiya Sakshya (BS) replaces the Indian Evidence Act; and the Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita (BNSS) replaces the Code of Criminal Procedure. The BNS is a transformative judicial reform based on victim centric approach, providing witness protection and aims at fast and speedy delivery of justice with the use of technology etc. In this regard, flyers are being shared for use by HEIs for creating a sensitization amongst faculty and students about the BNS and its implications for ensuring timely justice.

The Higher Educational Institutions are requested to publicize the Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023 around the themes contained in the flyers attached and by carrying out campaigns by way of displays through standees, distributing flyers and organizing seminars and talks by lawyers, judges both serving and retired and their respective faculties in their institutions. Further, the HEIs are also requested to share details of activity undertaken to the Ministry of Education at email syed.rizwi@gov.in for its onward transmission to the Ministry of Home Affairs.

With kind regards,

Yours sincerely,

**(Manish Joshi)**

**Encl: As stated above.**

**To**

**The Vice-Chancellors of all Universities**
**The Principals of all Colleges/Institutes**

**CENTRAL DETECTIVE TRAINING INSTITUTE DETAILS**

| S.No. | Name of CDTI | Address | Contact No. | E-Mail |
|---|---|---|---|---|
| 1. | CDTI, Ghaziabad | Sector-19, Kamla Nehru Nagar, Ghaziabad, UP-201002 | 0120-2986732 | pplcdtsgzb@bprd.nic.in |
| 2. | CDTI, Chandigarh | Plot No.2, Sector-36A, Dakshin Marg, Chandigarh-160036 | 0172-2990211,2602216 | cdts.chd@nic.in |
| 3. | CDTI, Kolkata | Park Circus, 30, Gorachand Road, Kolkata, 700014 | 2284-1049,1184 | cdts.kol.bprd@nic.in |
| 4. | CDTI, Jaipur | Block A&B, Kendriya Sadan Parisar Sector 10, Vidhyadhar Nagar, Jaipur-302023 | 0141-2236098,2232873 | director.cdti-rj@gov.in |
| 5. | CDTI, Hyderabad | Ramanthapur, Between Hyderabad Public School & Doordarshan Kendra, Ramanthapur, Hyderabad-500013 | 040-29704170,27038182 | cdtshyderabad@nic.in |
| 6. | CAPT, Bhopal | Vidisha Bypass road, Near transport Nagar,Kokta, Village Kanhasiya, Bhopal | 0755- 2706000 | dir.capt@bprd.nic.in |

**Steps for publicity**

- Designation of Nodal Officer for publicizing Bhartiya Nyaya Sanhita (BNS)
- Awareness Campaign through seminars and lectures by experts on various provisions of New Criminal Laws.
- Special awareness campaign for focused groups namely female (faculty, students and non-teaching staff) to address the relevant sections/chapter dedicated to offences against women and children in the new Bhartiya Nyaya Sanhita,2023) in line with victim centric approach.
- Focused Awareness on filing of e-FIR, provisions relating to first time offenders, Deshdroh, Community Service etc. shall also form part of publicity campaigns.
- Module on New Criminal Laws shall be included as part of Faculty Development Programme (FDP) to impart awareness of New Criminal Laws on ongoing basis.
- Awareness of New Criminal Laws through community outreach shall be ensured through legal aid committee functioning as part of Law department in HEIs or through NSS Volunteers in a tie-up with District Legal Services Authority.
- Web based publicity and use of platforms like Twitter, Facebook, and Instagram to raise awareness about the benefits of these laws, emphasizing improvements over the previous codes and also through distribution of flyers be undertaken.

गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
**HOME AFFAIRS**

# Upholding Safety of Women and Children

## Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS) 2023 introduces a dedicated chapter on offences against woman and child

### Stringent Punishment for Offenders

The Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS) 2023 ensures strict penalties for crimes against women, with a focus on providing justice for victims of rape and sexual assault.

Enhanced punishment for offenders involved in heinous acts against women, emphasising the commitment to women's safety.

Offences against girls below 18 years of age face severe penalties, including life imprisonment or death sentence for exceptionally heinous cases.

### Victim-centric Approach

New provisions ensure victims are heard before withdrawal of any case, thus recognising them as stakeholders in the legal process. Victims are given the right of being informed about the legal process. Section 199(c) of the Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS) has made failure to record any information in relation to certain sections such as rape, sexual assault against women, etc. given to a public servant a punishable offence.

### Offences Against Children

Section 95 of BNS penalises the exploitation of children, punishing those who hire/engage/employ children for criminal activities.

It ensures that the person hiring or employing children for such purposes faces punishment.

Sections 96, 98 & 99 of BNS 2023 penalise procurement of children for labour or prostitution and buying or selling children for the purpose of prostitution. Sections 139(1),139(2), 141, 143(4), 143(5), 143(6), 144(1) BNS 2023 are sections dealing stringently against trafficking/maiming/importation of children.

### Gender Neutrality and e-FIR

Various offences against woman and child have been made gender neutral in terms of both the victim and the perpetrator.

Victims can report offences by e-FIR. This aligns with the evolving socio-legal approach to empower victims to navigate the legal process without fear of stigma. This will contribute to the prompt reporting of such horrific crimes, which require immediate attention.

### Victim's Right to Information

Victims now have the right to obtain a copy of the FIR free of cost, ensuring transparency in legal proceedings.

The law mandates informing victims about the progress of investigations within 90 days.



गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
HOME AFFAIRS

# महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना

## भारतीय न्याय संहिता, 2023 महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर एक समर्पित नया अध्याय पेश करता है

### अपराधियों के लिए कड़ी सजा

भारतीय न्याय संहिता 2023 बलात्कार और यौन उत्पीड़न के पीड़ितों को न्याय प्रदान करने पर ध्यान देने के साथ महिलाओं के खिलाफ अपराधों के लिए सख्त दंड सुनिश्चित करता है।

महिलाओं के खिलाफ जघन्य कृत्यों में शामिल अपराधियों के लिए सजा में वृद्धि, महिला सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता पर जोर।

18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों के खिलाफ अपराध के लिए गंभीर दंड का प्रावधान है, जिसमें सबसे जघन्य कृत्यों के लिए आजीवन कारावास या मौत की सजा शामिल है।

### पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोण

नए प्रावधान यह सुनिश्चित करते हैं कि किसी भी मामले को वापस लेने से पहले पीड़ितों की बात सुनी जाए, ताकि उन्हें कानूनी प्रक्रिया में भागीदार के रूप में मान्यता मिले। पीड़ितों को कानूनी प्रक्रिया के बारे में जानने का अधिकार प्राप्त है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 199 (सी) के अनुसार एक लोक सेवक को बलात्कार, महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न आदि जैसी कुछ धाराओं के संबंध में दी गई किसी भी जानकारी को रिकॉर्ड करने में विफलता दंडनीय अपराध है।

### बच्चों के विरुद्ध अपराध

बीएनएस धारा 95 के तहत बच्चों का शोषण दंडनीय अपराध है। वे लोग जो बच्चों को आपराधिक गतिविधियों के लिए नियोजित करते है या उन्हें काम पर रखते है वे दंड के पात्र हैं।

कानून यह सुनिश्चित करता है कि ऐसे उद्देश्यों के लिए बच्चों को काम पर रखने या नियोजित करने वाले व्यक्ति को सजा मिले।

बीएनएस 2023 की धाराएं 96, 98 और 99 श्रम या वेश्यावृत्ति के लिए बच्चों को हासिल करने तथा वेश्यावृत्ति के लिए बच्चों की खरीद-फरोख्त को दंडनीय बनाती है। बीएनएस 2023 की धाराएं 139(1), 139(2), 141, 143(4), 143(5), 143(6), 144(1) बच्चों की तस्करी, अपंगता और आयात के खिलाफ सख्ती से निपटने का प्रावधान करती हैं।

### लिंग निरपेक्षता और ई-एफआईआर

विभिन्न यौन अपराधों को पीड़ित और अपराधी दोनों के संदर्भ में लिंग निरपेक्ष बना दिया गया है।

पीड़ित ई-एफआईआर द्वारा अपराध की रिपोर्ट कर सकते हैं। यह पीड़ितों को कानूनी प्रक्रिया में भयमुक्त होकर भाग लेने को सुनिश्चित करता है। इससे संगीन अपराधों की त्वरित सूचना प्राप्त होगी और इन पर त्वरित कार्रवाई हो सकेगी।

### पीड़ित का सूचना का अधिकार

कानूनी कार्यवाही में पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए, पीड़ितों को अब मुफ्त में एफआईआर की एक प्रति प्राप्त करने का अधिकार है।

कानून पीड़ितों को 90 दिनों के भीतर जांच की प्रगति के बारे में सूचित करने और उन्हें समय पर अपडेट के साथ सशक्त बनाने का आदेश देता है।



गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
**HOME AFFAIRS**

# Witness Protection Scheme

## Guardians of Truth: Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita (BNSS) 2023 Unveils the Shield of Witness Protection

### Witnesses: Pillars of Justice, Voices of Truth

Witnesses play a pivotal role as the 'eyes and ears of justice,' guiding the court towards truth and justice. The law aims to protect witnesses from harm and ensure their safety.

### Safeguarding Justice: Witness Protection Scheme

A significant stride: Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita (BNSS) 2023 introduces the Witness Protection Scheme, acknowledging the critical need to shield witnesses from threats and intimidation.

### Responsive Legal Framework: Aligning with Judicial Observations

The State Governments are entrusted to prepare and notify a Witness Protection Scheme. A 'Witness Protection Scheme, 2018 has been drafted and endorsed by the Hon'ble Supreme Court in its judgment in Mahendra Chawla v UOI. They are aimed at guarding the society against criminal misconduct, deterring law-breakers and penalising those who violate or attempt to violate laws, and protecting witnesses from harm and ensuring their safety.

### Section 398: A Game-Changer in Witness Safety

This groundbreaking addition ensures that witness safety becomes an integral part of the criminal procedural framework whereby every State Government is mandated under Section 398 to prepare and notify a Witness Protection Scheme (WPS).

### Witness Protection: Upholding the Right to Testify Without Fear

The new law for the Witness Protection Scheme stands as a formidable shield, safeguarding witnesses against threats, intimidation, and injury.

### Witnesses, Our Silent Heroes: Advocating for Justice

The new law clearly emphasises that Witness Protection is not just a legal provision but a commitment to Justice.

गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
**HOME AFFAIRS**

# गवाह संरक्षण योजना

## सच्चाई के संरक्षक: भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 ने गवाह संरक्षण की ढाल का अनावरण किया!

### ☞ गवाह: न्याय के स्तंभ, सत्य की आवाज

गवाह 'न्याय की आंख और कान' के रूप में अदालत को सत्य और न्याय की दिशा में मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कानून का उद्देश्य गवाहों को नुकसान से बचाना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### ☞ न्याय की सुरक्षा: गवाह संरक्षण योजना

एक महत्वपूर्ण प्रगति: भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 ने गवाहों को धमकियों और डराने-धमकाने से बचाने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को स्वीकार करते हुए गवाह संरक्षण योजना की शुरूआत की।

### ☞ उत्तरदायी कानूनी ढांचा: न्यायिक टिप्पणियों के साथ तालमेल

राज्य सरकारों को गवाह संरक्षण योजना तैयार करने और उसे अधिसूचित करने का अधिकार दिया गया है। गवाह संरक्षण 2018 का प्रारूप तैयार हो गया है और माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने महेंद्र चावला बनाम भारत संघ में दिए गए अपने निर्णय में इसे संस्तुति भी दे दी है। इसका उद्देश्य आपराधिक आचरण के खिलाफ समाज की रक्षा करना, कानून तोड़ने वालों को रोकना और देश के कानूनों का उल्लंघन करने या प्रयास करने वालों के अलावा गवाहों की सुरक्षा को सुनिश्चित करना और उन्हें नुकसान से बचाना है।

### ☞ धारा 398: गवाह सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम

यह अभूतपूर्व वृद्धि सुनिश्चित करती है कि गवाहों की सुरक्षा आपराधिक प्रक्रियात्मक ढांचे का एक अभिन्न अंग बन जाए और प्रत्येक राज्य सरकार को धारा 398 के तहत गवाह संरक्षण योजना (डब्ल्यूपीएस) तैयार करने और अधिसूचित करने का आदेश दिया गया है।

### ☞ गवाह संरक्षण: बिना किसी डर के गवाही देने के अधिकार को कायम रखना

गवाह संरक्षण योजना के लिए नया कानून एक मजबूत ढाल के रूप में खड़ा है, जो गवाहों को धमकियों, डराने-धमकाने और चोट से बचाता है।

### ☞ गवाह, हमारे मूक नायक: न्याय की वकालत

नया कानून स्पष्ट रूप से इस बात पर जोर देता है कि गवाह संरक्षण सिर्फ एक कानूनी प्रावधान नहीं है, बल्कि यह न्याय के लिए प्रतिबद्धता है।

गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
**HOME AFFAIRS**

# Victim-centric Approach

## Empowering Victims, Ensuring Justice

### A Paradigm Shift towards Victim Empowerment

The new laws aim to enhance the efficiency, fairness, and accountability of the justice system. It recognises the victim as a stakeholder in the criminal proceedings, providing participatory rights and expanded right to information for the victim. The law has been reformed to place victims at the centre of the criminal justice system, offering unprecedented rights and opportunities.

## Victim-centric Features: A Holistic Approach

### Right to Participation

Victims now have the right to express their views, reinforcing their role as stakeholders in criminal cases. Section 360 of the Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita (BNSS) 2023 aims to fill the historical void in Section 321 of the CrPC by ensuring the inclusion of victims' voices before permitting case withdrawal.

### Access to Justice

The institutionalisation of Zero-FIRs and the introduction of e-FIRs enhance accessibility, allowing victims to report crime anywhere irrespective of the crime location. For instance, Zero FIR is a provision under Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita (BNSS) 2023 that allows a person to register a First Information Report in any police station where information about a cognisable offence is provided, irrespective of the area where the offence is committed. It allows people to file an FIR online, without having to visit a police station in person. The e-FIR system is designed to be efficient as it eliminates the need for people to travel to a police station and wait in long queues to file a complaint.

### Right to Information

It grants victims the authority to obtain a free copy of the FIR. The law also provides obligatory measures to keep victims informed about the progress of investigations within 90 days.

### Transparency

The Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita (BNSS) 2023 emphasises victim information rights by ensuring the supply of police reports, FIRs, and witness statements. It also incorporates provisions dedicated to providing victims with crucial information at various stages of investigation and trial.

गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
**HOME AFFAIRS**

# पीड़ित केंद्रित दृष्टिकोण

**'पीड़ितों को सशक्त कर, न्याय सुनिश्चित करना!'**

## पीड़ित सशक्तिकरण की दिशा में एक आदर्श बदलाव

नए कानून का उद्देश्य न्याय प्रणाली की दक्षता, निष्पक्षता और जवाबदेही को बढ़ाना है। यह पीड़ित को आपराधिक मुकदमे में एक हितधारक के रूप में मान्यता देता है, भागीदारी अधिकार प्रदान करता है और पीड़ित के लिए सूचना का विस्तारित अधिकार प्रदान करता है। पीड़ितों को अभूतपूर्व अधिकार और अवसर प्रदान करते हुए, पीड़ितों को आपराधिक न्याय प्रणाली के केंद्र में रखने के लिए कानून में सुधार किया गया है।

## पीड़ित-केंद्रित की विशेषताएं : एक समग्र दृष्टिकोण

### ☞ भागीदारी का अधिकार

पीड़ितों को अब अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार है, जिससे आपराधिक मामलों में हितधारकों के रूप में उनकी भूमिका मजबूत होती है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 360 का उद्देश्य केस वापसी की अनुमति देने से पहले पीड़ितों की आवाज को शामिल करना सुनिश्चित करके सीआरपीसी की धारा 321 में ऐतिहासिक कमी को भरना है।

### ☞ न्याय प्रक्रिया आसान

शून्य एफआईआर के संस्थागतकरण और ई-एफआईआर की शुरूआत से पहुंच में वृद्धि हुई है, जिससे पीड़ितों को अपराध स्थान की परवाह किए बिना कहीं भी रिपोर्ट दर्ज करने की अनुमति मिलती है। उदाहरण के लिए, जीरो एफआईआर भारतीय न्याय संहिता के तहत एक प्रावधान है जो किसी व्यक्ति को किसी भी पुलिस स्टेशन में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने की अनुमति देता है, जहां संज्ञेय अपराध के बारे में जानकारी प्रदान की जाती है, भले ही अपराध किसी भी क्षेत्र में हुआ हो। ई-एफआईआर लोगों को व्यक्तिगत रूप से पुलिस स्टेशन जाए बिना, ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करने की अनुमति देती है। ई-एफआईआर प्रणाली को अधिक कुशल और सुविधाजनक बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, क्योंकि यह लोगों को शिकायत दर्ज करने के लिए पुलिस स्टेशन जाने और लंबी कतारों में इंतजार करने की आवश्यकता को समाप्त करता है।


### ☞ सूचना का अधिकार

यह पीड़ितों को एफआईआर की मानार्थ प्रति प्राप्त करने का अधिकार देता है। कानून पीड़ितों को 90 दिनों के भीतर जांच की प्रगति के बारे में सूचित रखने के लिए अनिवार्य उपाय भी प्रदान करता है।

### ☞ पारदर्शिता

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) पुलिस रिपोर्ट, एफआईआर और गवाहों के बयानों की आपूर्ति सुनिश्चित करके पीड़ित के सूचना अधिकारों पर जोर देता है। यह पीड़ितों को जांच और परीक्षण के विभिन्न चरणों में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के लिए समर्पित प्रावधान भी देता है।

गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
**HOME AFFAIRS**



# Undertrials

गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
**HOME AFFAIRS**



# विचाराधीन कैदी

# Reform for freedom: Paving Way for Undertrial Justice

- Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita (BNSS) 2023 introduces groundbreaking changes to alleviate overcrowding in prisons, with a focus on justice for undertrials.

## ♦ Reducing Custodial Burden

- A game-changer: First-time offenders who have never been convicted of any offence in the past, can now be released on bail after serving one-third of the prescribed maximum sentence .
- This paves the way for rehabilitation and reduction of long custodial periods.

## ♦ Jail Superintendent as Bail Guardian

- The responsibility of applying for bail now rests with the Jail Superintendent of the prison where the accused is lodged.
- This ensures legal rights for eligible prisoners, marking a revolutionary change in the justice system.



## स्वतंत्रता के लिए सुधार: विचाराधीन कैदियों को न्याय दिलाने का रास्ता

- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 विचाराधीन कैदियों के न्याय पर ध्यान केंद्रित करते हुए, जेलों में भीड़भाड़ को कम करने के लिए महत्वपूर्ण बदलाव पेश करती है।

### हिरासत का बोझ कम करना

- एक गेम-चेंजर : पहली बार के अपराधियों के लिए, जो पहले कभी किसी अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराए गए, निर्धारित अधिकतम सजा की एक तिहाई की सजा काटने के बाद जमानत पर रिहा कर दिए जाते हैं।
- पुनर्वास का मार्ग प्रशस्त करना और अनावश्यक हिरासत अवधि को कम करना।

### जेल अधीक्षक अब जमानत संरक्षक के रूप में

- अपराधी की जमानत के लिए आवेदन करने की जिम्मेदारी अब उस जेल के जेल अधीक्षक की है, जहां आरोपी बंद है।
- योग्य कैदियों के लिए कानूनी अधिकार सुनिश्चित करना, न्याय प्रणाली में एक क्रांतिकारी बदलाव का प्रतीक है।



## Benefits

- A step towards ensuring timely justice and reducing the prison population.
- Relief for those accused or convicted of petty crimes, marking a transformative moment in our legal landscape.
- Allowing social reintegration and reducing chances of recidivism.



### फायदा

- समय पर न्याय सुनिश्चित करने और जेलों में कैदियों की संख्या कम करने की दिशा में एक कदम।
- छोटे अपराधों के आरोपियों या दोषी लोगों के लिए राहत, कानूनी परिदृश्य में एक परिवर्तनकारी क्षण का प्रतीक है।
- समाज की मुख्य धारा में लाना और पुनरावृत्ति की संभावना को कम करना।




गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
HOME AFFAIRS



# Transforming Criminal Justice: International Implications

गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
HOME AFFAIRS



# आपराधिक न्याय में परिवर्तन - अंतर्राष्ट्रीय निहितार्थ

# Transforming Reforms

In the spirit of justice reform, the Bharatiya Nyaya Sanhita, Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita, and Bharatiya Sakshya Adhiniyam introduce groundbreaking provisions with international implications.

## 1. Handling Global Offences:

♦New provisions for crimes having international ramifications.

♦Enhanced framework for cooperation in transnational crimes.

## 2. Attachment of Properties Abroad:

♦Declaration of proclaimed offenders: Expanded scope, covering more than 100 offences, including rape, murder, organised crime, terrorist act, etc.

♦Attachment of properties abroad of proclaimed offenders.

## 3. International Collaboration:

♦Encourages collaboration with international agencies for investigations.

# परिवर्तनकारी सुधार

**न्याय सुधार की भावना में, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम अंतरराष्ट्रीय निहितार्थों के साथ अभूतपूर्व प्रावधान पेश करते हैं।**

**1. वैश्विक अपराधों से निपटना:**

- अंतरराष्ट्रीय अपराध वाले मामलों के लिए नए प्रावधान।
- अंतरराष्ट्रीय अपराधों में सहयोग के लिए उन्नत रूपरेखा।

**2. विदेश में संपत्ति की कुर्की:**

- घोषित अपराधियों की उद्घोषणा: बलात्कार, हत्या, संगठित अपराध, आतंकवादी गतिविधि सहित 100 से अधिक अपराधों को शामिल करते हुए दायरा बढ़ाया गया।
- घोषित अपराधियों की विदेश में संपत्ति की कुर्की।

**3. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग:**

- जांच के लिए अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ सहयोग को प्रोत्साहित करता है।



गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
**HOME AFFAIRS**

## 4. Organised Crimes Across Borders:

- Introduction of a new section on organised crimes.
- Acts of human trafficking and trafficking of drugs, weapons, illicit goods or services have been dealt with stringent punishment.
- Economic offence and cyber crimes having cross-border implications are also dealt with under organised crime.

## 5. Extra-Territorial Jurisdiction:

- Clarification on the admissibility of records in electronic form from foreign jurisdictions.
- Recognition of electronic records as evidence with proper custody procedures.

**4. सीमापार संगठित अपराध:**


- संगठित अपराध पर एक नई धारा का परिचय।
- मानव तस्करी और नशीली दवाओं, हथियारों, अवैध वस्तुओं या सेवाओं की तस्करी के कृत्यों में कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है।
- आर्थिक अपराध और सीमा पार वाले साइबर अपराधों को भी संगठित अपराध के तहत निपटाए जाने का प्रावधान।

**5. विदेश क्षेत्राधिकार:**

- विदेशी क्षेत्राधिकार से इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड की स्वीकार्यता पर स्पष्टीकरण।
- उचित प्रक्रियाओं के साथ साक्ष्य के रूप में इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड की मान्यता।




गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
**HOME AFFAIRS**



# New Criminal Laws 2023

# Transformative Judicial Reforms: Shaping a Just Future

गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
**HOME AFFAIRS**



## नए आपराधिक कानून 2023

# परिवर्तनकारी न्यायिक सुधारः एक उचित भविष्य को आकार

गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
HOME AFFAIRS

# Key Focus Areas

### 1. Swift Justice Delivery:

♦Streamlined process for expeditious resolution.

♦Adherence to strict timelines at every stage.

### 2. Tech-Driven Legal Landscape:

♦Utilising technology for electronic communication and proceedings.

♦Online access to justice, transcending geographical boundaries.

### 3. Updated Legal Definitions:

♦Revised definitions aligning with contemporary legal needs.

♦Clarity and precision in legal language.

### 4. Empowered Law Enforcement:

♦Appointment of police officers as Special Executive Magistrates.

♦Strengthening the role of law enforcement in justice delivery.

गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
**HOME AFFAIRS**

# मुख्य फोकस क्षेत्रः

### 1. त्वरित न्याय वितरणः

- शीघ्र समाधान के लिए सुव्यवस्थित प्रक्रियाएं।
- हर चरण पर सख्त समयसीमा का पालन।

### 2. तकनीक-संचालित कानूनी परिदृश्यः

- इलेक्ट्रॉनिक संचार और कार्यवाही के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना।
- भौगोलिक सीमाओं से परे, न्याय तक ऑनलाइन पहुंच।

### 3. अद्यतन कानूनी परिभाषाएँः

- समसामयिक कानूनी आवश्यकताओं के अनुरूप संशोधित परिभाषाएँ।
- कानूनी भाषा में स्पष्टता और सटीकता।

### 4. सशक्त कानून प्रवर्तनः

- विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट के रूप में पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति।
- न्याय वितरण में कानून प्रवर्तन की भूमिका को मजबूत करना।



गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
**HOME AFFAIRS**

5. **Localised Prosecution:**

♦ Establishment of District Directorate of Prosecution.

♦ Strengthening localised prosecution for effective legal proceedings and to monitor cases for expeditious disposal.

6. **Community Service:**

♦ Courts empowered to award community service.

♦ Reformative and Restorative approach.

7. **Transparency & Accountability:**

♦ Victims/informants informed about the investigation within 90 days.

♦ Fostering transparency and victim participation in the legal process.

8. **Trial in Absentia:**

♦ Initiation of trial in absentia against proclaimed offenders within 90 days.

♦ Expedited legal processes for effective justice.



**5. स्थानीयकृत अभियोजनः**

- जिला अभियोजन निदेशालय की स्थापना।
- प्रभावी कानूनी कार्यवाही के लिए स्थानीय अभियोजन को मजबूत करना, त्वरित निपटारे के लिए मामले की निगरानी करना।

**6. सामुदायिक सेवाः**

- अदालतों को सामुदायिक सेवा कराने का अधिकार।
- सुधारात्मक और पुनर्स्थापनात्मक दृष्टिकोण।

**7. पारदर्शिता एवं जवाबदेहीः**

- पीड़ितों/सूचनाकताओं को 90 दिनों के भीतर जांच की जानकारी देना।
- कानूनी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और पीड़ित की भागीदारी को बढ़ावा देना।

**8. अनुपस्थिति में परीक्षणः**

- 90 दिनों के भीतर घोषित अपराधियों के खिलाफ उनकी अनुपस्थिति में मुकदमा शुरू करना।
- प्रभावी न्याय के लिए त्वरित कानूनी प्रक्रियाएं।



गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
**HOME AFFAIRS**

# Terrorism



गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
**HOME AFFAIRS**



# आतंकवाद

गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
HOME AFFAIRS

# Zero Tolerance Against Terrorism, Unwavering Justice

## ♦A Robust Shield Against Terrorism

- Bharatiya Nyaya Sanhita, (BNS) 2023 fortifies the legal arsenal against terrorism, addressing threats to the unity, integrity, sovereignty, and economic security of India.

## ♦Defining Terrorist Acts: A Comprehensive Approach

- Section 113 outlines various acts that constitute terrorism, including the use of explosives, lethal weapons, chemicals or any hazardous substances.
- The scope covers acts causing death, injury, damage to property, disruption of essential supplies, and more.

## ♦Targeting Public Functionaries and Facilities

- The provision recognises the term "public functionary," encompassing constitutional authorities and other functionaries notified by the Central Government.

# ‘आतंकवाद से समझौता नहीं, न्याय के लिए अडिग’

## आतंकवाद के विरुद्ध एक मजबूत ढाल

- भारतीय न्याय संहिता, 2023 भारत की एकता, अखंडता, संप्रभुता और आर्थिक सुरक्षा के लिए खतरों को संबोधित करते हुए आतंकवाद के खिलाफ कानूनी शस्त्रागार को मजबूत करती है।

## आतंकवादी कृत्यों को परिभाषित करना : एक व्यापक दृष्टिकोण

- धारा 113 विभिन्न कृत्यों की रूपरेखा प्रस्तुत करती है, जो आतंकवाद का सृजन करते हैं, जिसमें विस्फोटकों, घातक हथियारों, रसायनों या किसी भी खतरनाक पदार्थ का उपयोग शामिल है।
- इस दायरे में मृत्यु, चोट, संपत्ति को नुकसान, आवश्यक आपूर्ति में व्यवधान और बहुत कुछ शामिल है।

## सार्वजनिक पदाधिकारियों और सुविधाओं को लक्षित करना

- ‘सार्वजनिक पदाधिकारी’ शब्द को मान्यता देने का प्रावधान है, जिसमें संवैधानिक प्राधिकारियों और केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित अन्य पदाधिकारी शामिल हैं।

सत्यमेव जयते



- Criminal force or attempts to cause death to a public functionary fall under the purview of terrorism.
- Destruction by bombs, dynamites or other explosive substances, etc. of public facilities or private property is now defined as a terrorist activity.

## ♦Stringent Punishment: Death or Life Imprisonment

- Severe penalties have been defined for terrorist acts such as death sentence or life imprisonment.
- A resolute response to curb the rising menace of terrorism.

## ♦Beyond Borders: Addressing International Terrorism

- The legislation encompasses acts that result in "damage or destruction of any property in a foreign country, used for defence of India or used in connection with the functioning of the Government of India", thereby recognising the global threat of international terrorism.

सत्यमेव जयते

- आपराधिक बल या किसी सार्वजनिक पदाधिकारी को मौत के घाट उतारने का प्रयास आतंकवाद के दायरे में आता है।
- सार्वजनिक सुविधाओं या निजी संपत्ति को बम, डायनामाइट या अन्य विस्फोटक पदार्थों से नष्ट करना अब आतंकवादी गतिविधि के तहत अपराध माना जाएगा।

## कड़ी सजा: मौत या आजीवन कारावास

- आतंकवादी कृत्यों के लिए कठोर दंड, मृत्यु या आजीवन कारावास।
- आतंकवाद के बढ़ते खतरे को रोकने के लिए एक दृढ़ प्रतिक्रिया।

## सीमाओं से परे: अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद की वास्तविकताओं को संबोधित करना

- यह कानून उन कृत्यों को शामिल करता है जिनके परिणामस्वरूप 'किसी अन्य देश में किसी भी संपत्ति की क्षति और विनाश होती है, जिसका उपयोग भारत की रक्षा के लिए किया जाता है या भारत सरकार के कामकाज के संबंध में किया जाता है', जिससे अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के वैश्विक खतरे की बात पुष्ट होती है।

सत्यमेव जयते



गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
**HOME AFFAIRS**



# Technology


गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
HOME AFFAIRS
तकनीक

# Digitising justice, elevating efficiency and credibility

### ♦Integrating technology across the legal spectrum

- The Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita (BNSS), 2023 introduces technology from the scene of the crime to investigation and trial, promising a swift and transparent justice system. The inclusion of technology is a significant step towards modernising the criminal justice system and harnessing the strength of modern scientific technology.

### ♦Elevating electronic evidence: A paradigm shift

- The new laws place electronic/digital evidence on equal footing with traditional documentary evidence for admissibility.

- Definition of 'documents' to include futuristic elements such as server logs, locational evidence, and digital voice messages.

## न्याय का डिजिटलीकरण, सक्षमता और विश्वसनीयता बढ़ाना

### कानूनी स्पेक्ट्रम में प्रौद्योगिकी का एकीकरण

- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 ने एक तेज और पारदर्शी न्याय प्रणाली का वादा करते हुए अपराध स्थल से लेकर जांच और मुकदमे तक प्रौद्योगिकी की शुरूआत की। प्रौद्योगिकी का समावेश आपराधिक न्याय प्रणाली को आधुनिक बनाने और आधुनिक वैज्ञानिक प्रौद्योगिकी की ताकत का उपयोग करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### उन्नत इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य: एक आदर्श बदलाव

- नए कानूनों में इलेक्ट्रॉनिक/डिजिटल साक्ष्य को स्वीकार्यता के लिए पारंपरिक दस्तावेज साक्ष्य के समान माना गया है।
- दस्तावेजों की परिभाषा में सर्वर लॉग, स्थान संबंधी साक्ष्य और डिजिटल वॉयस संदेश भी शामिल।
- भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के तहत इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड की स्वीकार्यता को धारा 57 और 63 में बारीकियों को सहित रूप से बताया गया है।



गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
**HOME AFFAIRS**

- The admissibility of electronic records under Bharatiya Sakshya Adhiniyam (BSA) 2023, particularly in Sections 57 and 63, have clearly enunciated the nuances of the same.

- BSA 2023 revolutionises the law of evidence, treating electronic evidence as equivalent to physical evidence in courts.

### ♦Streamlining secondary evidence: A futuristic approach

- The scope of secondary evidence broadens under BSA 2023, incorporating oral admissions, written admissions, and evidence of skilled person who has examined a document which contains numerous accounts or cannot be conveniently examined in Court.

- Two new forms introduced in the schedule expedite the authentication and appreciation of digital evidence, addressing challenges under previous statutes.

- भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 साक्ष्य के कानून में क्रांतिकारी बदलाव लाता है, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को अदालतों में भौतिक साक्ष्य के बराबर मानता है।

## द्वितीयक साक्ष्य को सुव्यवस्थित करना: एक भविष्यवादी दृष्टिकोण

- भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के तहत द्वितीयक साक्ष्य का दायरा व्यापक हो गया है, जिसमें मौखिक कबूली, लिखित कबूली और कुशल लोगों के साक्ष्य जिन्होंने उन दस्तावेजों की जांच की है जिसमें कई ऐसे कबूलनामे है जिन्हें आसानी से अदालत में जांच नहीं किया जा सकता।
- अनुसूची में पेश किए गए दो नए फॉर्म डिजिटल साक्ष्य के प्रमाणीकरण और मूल्यांकन में तेजी लाते हैं, पिछले कानूनों के तहत चुनौतियों का समाधान करते हैं।

## साक्ष्य प्रस्तुति में क्रांति: एक पारदर्शी दृष्टिकोण

- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 105 में जब्त की गई वस्तुओं की सूची और गवाहों के हस्ताक्षर सहित तलाशी और जब्ती के दौरान वीडियोग्राफी की प्रक्रियाओं को शामिल किया गया है। मजिस्ट्रेट के समक्ष इन रिकार्डिंग को तुरंत प्रस्तुत किए जाने का प्रावधान किया गया है ताकि साक्ष्य संग्रह में पारदर्शिता सुनिश्चित हो, और साक्ष्य के साथ कोई छेड़छाड़ न हो।



## ♦Revolutionising evidence presentation: A transparent approach

- Section 105 of BNSS 2023 introduces procedures for videography of search and seizure, including preparing lists of seized items and witness signatures. The records are presented immediately before magistrates to ensure transparency in evidence collection and discouraging fabrication of evidence.

## ♦Security measures for vulnerable victims: Protecting rights


- The new laws retain provisions for mandatory videography of police statements and audio-video recordings for vulnerable victims with physical or mental disabilities.



## कमजोर पीड़ितों के लिए सुरक्षा उपायः अधिकारों की रक्षा

- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 शारीरिक या मानसिक विकलांगता वाले कमजोर पीड़ितों के लिए पुलिस बयानों और ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग की अनिवार्य वीडियोग्राफी के प्रावधानों को बरकरार रखता है।


गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
**HOME AFFAIRS**



# New Criminal Laws 2023

# Collaborative Transformation: Stakeholder-Driven Reforms

गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
HOME AFFAIRS



# नए आपराधिक कानून 2023

# सहयोगात्मक परिवर्तन: हितधारक-संचालित सुधार

गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
HOME AFFAIRS

## Objectives

1. **Constitutional Justice:** Aligning with the vision of the Indian Constitution.
2. **Justice-centric System:** Shift from being punishment-centric to justice-centric.
3. **Shedding Colonial Mindset:** By fulfilling the 'Panch Pran' pledge.
4. **Victim-centric Justice:** Prioritising the rights and needs of victims.
5. **Accessible Justice:** Ensuring affordability, accessibility, and simplicity.
6. **Transparency and Accountability:** Making procedures consistent and transparent.

## Aim

- **Fair and Time-bound Investigation:** Ensuring evidence-based speedy trials.
- **Court and Prison Burden Reduction:** Streamlining the legal process for releasing undertrials on bail, reducing incarceration by introducing community service.

## लक्ष्य

1. **संवैधानिक न्याय**: भारतीय संविधान की दृष्टि के अनुरूप।
2. **न्याय-केंद्रित प्रणाली**: दंड-केंद्रित से न्याय-केंद्रित की ओर बढ़ना।
3. **गुलामी की मानसिकता को समाप्त करना**: 'पंच प्रण' का संकल्प पूरा करना।
4. **पीड़ित-केंद्रित न्याय**: पीड़ितों के अधिकारों और जरूरतों को प्राथमिकता देना।
5. **सुलभ न्याय**: सामर्थ्य, पहुंच और सरलता सुनिश्चित करना।
6. **पारदर्शिता और जवाबदेही**: प्रक्रियाओं को सुसंगत और पारदर्शी बनाना।

## उद्देश्य

- **निष्पक्ष और समयबद्ध जांच**: साक्ष्य-आधारित त्वरित ट्रायल सुनिश्चित करना।
- **न्यायालय और जेल के बोझ में कमी**: विचाराधीन कैदीयों को जमानत पर रिहा करने और कारावास की अवधि को कम करने के लिए सामूदायिक सेवा का प्रावधान।
- **दोषसिद्धि दर में वृद्धि**: तकनीक के उपयोग तथा प्रक्रियाओं एवं कार्यवाहियों की समयबद्ध तरीके से निस्तारण से न्याय देने की कुशलता में वृद्धि।



- **Increased Conviction Rate:** Enhancing the effectiveness of justice delivery by imbibing technology and timebound completion of processes and proceedings.

## Consultative Process

- **Initiated in 2019:** Comprehensive review of criminal laws.
- **Stakeholder Involvement:** Consultations with Governors, CMs, Judges, MPs, IPS officers and more.
- **Committee Formation:** Chaired by Vice-Chancellor, National Law University, Delhi.
- **Suggestions Received:** 3,200 from various stakeholders.
- **Hon'ble Home Minister's Efforts:** Over 150 meetings held to deliberate on the suggestions.



# परामर्शात्मक प्रक्रिया

- 2019 में शुरूआत : आपराधिक कानूनों की व्यापक समीक्षा।
- हितधारकों की भागीदारी : राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों, न्यायाधीशों, सांसदों, आईपीएस अधिकारियों और अन्य के साथ परामर्श।
- समिति का गठन : अध्यक्षता–कुलपति, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय दिल्ली ।
- सुझाव : विभिन्न हितधारकों से 3200 सुझाव प्राप्त हुए।
- माननीय गृह मंत्री के प्रयास : प्राप्त सुझावों पर विचार–विमर्श के लिए 150 से अधिक बैठकें आयोजित की गईं।

गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
HOME AFFAIRS



# Snatching

गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
**HOME AFFAIRS**



# छीनाझपटी

## ♦ Putting an End to Snatching Menace—One law for the whole Nation

- Snatching has shown itself as one of the biggest threats to all strata of society, predominantly women and the elderly. The rising incidents of chain snatching and mobile phone snatching, which contain sensitive data, financial information and passwords, have necessitated the addition of a section in Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS) 2023.

**BNS 2023 provides for serious punishments with regard to snatching**

- **Imprisonment and Fine:** Introduction of Section 304 has marked snatching as a distinct crime with up to 3 years of imprisonment and a fine as prescribed. The court determines the specific term and amount based on the case severity, the offender's past record, and other factors. It also comes under 'petty organised crime' if committed by a group or gang.
- **Theft Vs Robbery:** While considered a serious offence, snatching generally attracted a lesser punishment than robbery under the IPC due to the absence of threats or bodily harm. Theft in BNS involves taking movable property without consent, but not necessarily using force.

## ➧ स्नैचिंग के खतरे को खत्म करना-देश के लिए एक कानून

- स्नैचिंग (छीनाझपटी) ने खुद को समाज के सभी वर्गों, मुख्य रूप से महिलाओं और बुजुर्गों के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक के रूप में दिखाया है। चेन स्नैचिंग और मोबाइल फोन स्नैचिंग की बढ़ती घटनाओं, जिसमें संवेदनशील डेटा, वित्तीय जानकारी और पासवर्ड शामिल हैं, को दंडित करने के लिए एक धारा जोड़ने की आवश्यकता है।

**भारतीय न्याय संहिता 2023 में स्नैचिंग के संबंध में निम्नलिखित दंडों का प्रावधान किया गया है:**

- **कारावास और जुर्माना:** धारा 304 में स्नैचिंग को एक अलग अपराध के रूप में चिह्नित किया गया है जिसमें 3 साल तक की कैद और जुर्माना निर्धारित है। अदालत मामले की गंभीरता, अपराधी के पिछले रिकॉर्ड और अन्य कारकों के आधार पर अवधि और जुर्माने की राशि निर्धारित करती है। यदि यह किसी समूह या गिरोह द्वारा किया जाता है तो यह 'छोटे संगठित अपराध' के अंतर्गत भी आता है।



Robbery, on the other hand, involves threats or actual violence along with the taking of property by force.

**Impact and Benefits:**

- **Victim Protection:** The creation of a specific offence for snatching acknowledges this crime's distinct impact on victims, who often suffer physical and emotional trauma over and above the loss of property.
- **Protection of valuable data:** Mobile phones which contain sensitive personal data, financial information and passwords are protected by separately making the act of 'snatching' as an offence.
- **Deterrence:** The specific punishment for snatching aims to discourage potential offenders and send a strong message about the seriousness of the government to tackle the crime.



- **चोरी बनाम डकैती :** हालांकि स्नैचिंग को एक गंभीर अपराध माना जाता है, लेकिन धमकियों या शारीरिक नुकसान की अनुपस्थिति के कारण आईपीसी के तहत स्नैचिंग में आम तौर पर डकैती की तुलना में कम सजा होती है। भारतीय न्याय संहिता में चोरी में सहमति के बिना चल संपत्ति लेना शामिल है, लेकिन जरूरी नहीं कि बल प्रयोग किया जाए। दूसरी ओर, डकैती में संपत्ति छीनने के साथ-साथ धमकी या वास्तविक हिंसा भी शामिल होती है।

**प्रभाव और लाभः**

- **पीड़ित की सुरक्षाः** छीनाझपटी होने पर पीड़ित अक्सर संपत्ति के नुकसान के अलावा शारीरिक और भावनात्मक अघात भी झेलते हैं। इस बात को कानून में स्थान दिया गया है।
- **मूल्यवान डाटा की सुरक्षाः** जिन मोबाइल फोन में संवेदनशील व्यक्तिगत डाटा, वित्तीय जानकारी और पासवर्ड होते हैं, उन्हें अलग से छीनने के कृत्य को अपराध बनाकर संरक्षित किया गया है।
- **निरोधः** स्नैचिंग के लिए विशिष्ट सजा का उद्देश्य संभावित अपराधियों को हतोत्साहित करना और अपराध की गंभीरता के बारे में एक मजबूत संदेश भेजना है।

गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
**HOME AFFAIRS**



# SEXUAL HARASSMENT

गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
**HOME AFFAIRS**



# यौन उत्पीड़न

गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
**HOME AFFAIRS**

# The New Criminal Laws strengthen the legal regime to provide protection to women from sexual harassment

- **Prevention and Prohibition:** Defines and prohibits sexual harassment to foster a harassment-free workplace.
- **Alignment with International Standards:** Reinforcing commitment to gender equality and non-discrimination.
- **Criminal Penalties:** Sexual harassment encompasses physical contact, demands for sexual favours, displaying pornography against a woman's will, and making sexually coloured remarks.
- **Civil Remedies:** Victims of sexual harassment may also pursue civil remedies through legal avenues, such as civil lawsuits or administrative complaints.
- **Workplace Policies:** Employers are required by law to implement policies and procedures for preventing and addressing sexual harassment in the workplace.
- **Strategies for Reducing Sexual Harassment:** Education, culture of respect, policies, victim empowerment, collaboration, and advocacy.


गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
**HOME AFFAIRS**

# नए आपराधिक कानून महिलाओं को यौन उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करने के लिए कानूनी व्यवस्था को मजबूत करते हैं

- **रोकथाम और निषेध**: यह उत्पीड़न–मुक्त कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिए यौन उत्पीड़न को परिभाषित और प्रतिबंधित करता है।
- **अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ तालमेल**: लैंगिक समानता और गैर–भेदभाव के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करना।
- **आपराधिक दंड**: यौन उत्पीड़न में शारीरिक संपर्क, यौन संबंधों की मांग, महिला की इच्छा के विरुद्ध अश्लील साहित्य दिखाना और कामुक टिप्पणियां करना शामिल है।
- **नागरिक उपचार**: यौन उत्पीड़न के शिकार लोग कानूनी रास्ते, जैसे सिविल मुकदमे या प्रशासनिक शिकायतों के माध्यम से सिविल उपाय भी अपना सकते हैं।
- **कार्यस्थल नीतियां**: कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न को रोकने और उन्हें संबोधित करने के लिए नियोक्ताओं को कानून द्वारा नीतियों और प्रक्रियाओं को लागू करना आवश्यक है।
- **यौन उत्पीड़न को कम करने की रणनीतियां**: शिक्षा, सम्मान की संस्कृति, नीतियां, पीड़ित सशक्तिकरण, सहयोग और उनका पक्ष लेना।



गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
HOME AFFAIRS



## New Criminal Laws 2023

# Quick Settlement of Case Properties

गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
**HOME AFFAIRS**



## नए आपराधिक कानून 2023

# केस प्रॉपर्टीज का त्वरित निपटान

गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
HOME AFFAIRS

# Quick Settlement of Case Properties

## Key Features

♦**Quick Disposal:** No more prolonged holding of case properties. The new law mandates swift disposal by the court or magistrate, ensuring a streamlined legal process.

♦**Utilisation of Technology:** Technology has been embraced for a seamless process. From photography to videography, Section 497 ensures the entire process of handling case properties is digitised.

♦**Evidence Preservation:** Photographic or videographic records are now admissible as evidence in investigations, trials, or other legal proceedings, as per Section 497. This ensures a comprehensive record of every step in the handling of case properties.

♦**Timely Disposition:** Within 30 days of recording, the property will be either disposed of, destructed, forfeited, or distributed. Section 497 ensures a prompt resolution and prevents unnecessary delays.



# केस संपत्तियों का त्वरित निपटान

## मुख्य विशेषताएं:

♦**त्वरित निपटान :** अब केस प्रॉपर्टीज को दीर्घकालिक रखने की आवश्यकता नहीं है नया कानून न्यायाधीश या मजिस्ट्रेट को उसके जल्दी निपटारे को बाध्य करता है जिससे कानूनी प्रक्रियाओं को संरचित करने में सहायक है।

